
**खबर संक्षेप**

## बाणसागर पुल से आवागमन फिर हुआ बंद



**शहडोल।** रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बाणसागर पुल पर वाहनों का आवागमन शुरू किया गया था, जिसे एक बार फिर बंद कर दिया गया है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद उसे प्राथमिक रूप से सुधारा गया था। इसके बाद हल्के वाहनों के आवागमन की अनुमति दी गई थी। पर इसके ऊपर से भारी वाहन भी निकल रहे थे। इसको देखते हुए पुल को फिर से बंद कर दिया गया है। एमपीआरडीसी के अधिकारी ने बताया कि दिन में चार पहिया वाहन और बसों के परिवहन की अनुमति दी गई थी, लेकिन रात के समय रेत और मुरूम को लोड करके बड़े ट्रक पुल से गुजर रहे हैं। इसको देखते हुए इस बात की संभावना है कि पुल फिर से क्षतिग्रस्त हो सकता है। इसकी वजह से पुल को बंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि शहडोल से प्रयागराज को ये पुल जोड़ता है। 10 जुलाई को पुल का विधिवत निरीक्षण किया जाएगा। तभी ये तय होगा कि पुल सुरक्षित है या नहीं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में पुल की सुरक्षा और स्थायित्व को प्राथमिकता दी जाएगी। आवागमन को केवल तभी बहाल किया जाएगा जब पुल की स्थिति संतोषजनक होगी। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे विभाग के फैसले का सम्मान करें।

## बीमारी से परेशान वृद्ध ने खुद को मारी गोली



**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय की सबसे पॉश कॉलोनी में रहने वाले राजेंद्र सिंह नामक 62 वर्षीय व्यक्ति ने अपने घर के पास में ही झाड़ियों में जाकर लाइसेंसी बंदूक से खुदकुशी कर ली , राजेंद्र सिंह गहरवार ने लाइसेंसी बंदूक का ट्रिगर पैर के अंगूठे से दबाया और गले पर दुनाली बंदूक रखकर खुदकुशी कर ली, बंदूक की आवाज सुनने के बाद लोग वहां पर पहुंचे और राजेंद्र सिंह को खून से लथपत पाया गया। जैसे ही घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को मिली, वह मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया, पूरे मामले में घटना के दौरान से ही यह स्पष्ट था कि यह खुदकुशी की गई है, पुलिस ने जब शव को खंगाला तो पुलिस के हाथ एक सुसाइड नोट भी हाथ लगा, जिससे इस बात का खुलासा हुआ कि मृतक का हार्ट ट्रांसप्लांट हुआ था, उसके बाद भी उसकी तबीयत सुधर नहीं रही थी, लगातार इलाज और दवाइयों से परेशान होकर श्री सिंह ने खुद को ही गोली मार ली और आत्महत्या कर ली, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है, बताया गया कि मृतक राजेंद्र सिंह प्रतिष्ठित ध्रुव रेस्तरां परिवार से ताल्लुक रखते थे।

## आज जिले के प्रवास पर रहेंगे उप मुख्यमंत्री

**शहडोल।** उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री राजेंद्र शुक्ल 4 जुलाई को जिले के प्रवास पर रहेंगे।



उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल 4 जुलाई को कार द्वारा प्रातः 8 बजे रीवा से शहडोल के लिए प्रस्थान करेंगे, प्रातः 10:50 बजे शहडोल आगमन होगा, प्रातः 11 बजे प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत विद्यार्थियो को लैपटॉप हेतु राशि अंतरण कार्यक्रम में सहभागिता निभाएंगे, दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस आरक्षित रहेगा। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल दोपहर 2 बजे पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति दिवस संगोष्ठी कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय में सहभागिता निभाएंगे एवं अपरान्ह 4 बजे शहडोल से कटनी के प्रस्थान करेंगे।

## युवाओं ने किया पौधरोपण



**शहडोल।** पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए जिले में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देषन में एक पेड़ माँ के अभियान चलाया जा रहा है। एक पेड़ माँ के अभियान में युवा भी उत्साह और उमंग के साथ सहभागी बनकर पर्यावरण स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए पौधरोपण कर रहे है। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अटल कामधेनु गौ सेवा संस्थान धनपुरी परिसर में एसबीआई बैंक के मैनेजर विंध्याचल कुमार, युवा गोलू दुबे, प्रदीप प्रिंस, अभिजीत अंश, अक्षत राम दुबे ने जामुन, नीम जैस अन्य पौधो का रोपण किया।

# जल गंगा संवर्धन के खिचड़े में ड्राई फ्रूट की डुबकी

## 90 दिन तक चले जल गंगा संवर्धन के नाम पर करोड़ों का खेला

गंगा नदी के नाम पर बिना बजट के नारों के साथ शासन का जल, गंगा संवर्धन 90 दिनों के बाद खत्म हो गया, पुराने तालाबों और झीलों के समीप फोटो का कोरम और फाईलों में लाखों के बिल दौड़ाये गये, इधर अधिकारी कोई भी बजट आवंटित न होने का रोना-रोते रहे और खर्च के नाम पर खिचड़ी में ड्राईफूट तक के बिलों का भुगतान कर दिया गया।

**हरिभूमि न्यूज, शहडोल।**









संभाग में 30 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान अभियान में अभी तक पंचायतों में कितना कार्य हुआ है, यह किसी से छुपा नहीं है, इस कार्य में न तो शासकीय अमला रुचि ली और न समाज सेवी संस्थाओं ने हाथ बटाया, यह अभियान केवल दिखावे और कोरम पूर्ति के लिए चलाया जा रहा है। खास बात यह है कि इस अभियान के लिए किसी प्रकार का बजट जारी नहीं किया गया है, लेकिन पंचायत के जिम्मेदारों अधिकारियों की कृपा पाने या उनके कहने पर उनका स्वास्थ्य के लिए ड्राई फूरट परोस उन्हें खुश कर रहे हैं। वहीं जिले के अधिकारियों ने कभी यह नहीं पूछा कि इतना महंगा स्वागत आखिर किस मद से खर्च हो रहा है।

### स्वागत में शासकीय राशि खर्च

ग्राम पंचायत में अभियान के माध्यम से पुरानी जल संरचनाओं कुआ, तालाब, बावडिय़ों, जल स्त्रोतों, गांव में बहने वाली नदियों एवं नालों की साफ-सफाई कितनी हुई है, यह किसी से छुपा नहीं है, लेकिन अधिकारियों का दौरा अब पंचायतों को भारी पड़ा है, अधिकारी पंचायतों में जाकर काजू-बादाम सहित घी पीकर बदन बनाने में लगे हुए हैं, लेकिन उनके इस खर्चे से पंचायत की जेब पतली होती जा रही है। ग्राम पंचायत भदवाही में बीते माह जिला स्तरीय दल के दौरे के दौरान काजू-बादाम, किशमिश की दावत उड़ी, आश्चर्य की बात है कि सरकार द्वारा किसी प्रकार का बजट नहीं दिया गया, लेकिन पंचायत ने खजाने से अधिकारियों के स्वागत के लिए राशि कैसे खर्च कर दी।

### ऐसे हुआ व्यय

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आहवान पर जिले में भी गांव-गांव में जल गंगा संवर्धन अभियान समाज एवं सरकार के सहयोग से संचालित किया गया था, अभियान के माध्यम से जहां पुरानी जल संरचनाओं कुआ, तालाब, बावडिय़ों, जल स्त्रोतों, गांव में बहने वाली नदियों एवं नालों की साफ-सफाई का कार्य होने के दावे प्रशासन ढोल पीट-पीट रहा है, अभियान के तहत अधिकारी धरातल पर जाकर ग्रामीणों को वर्षा का जल बचाने की सलाह भी दे रहे हैं, बीते माह ग्राम पंचायत भदवाही में जिले की मुखिया ने चौपाल लगाई, जिसमें 5 किलो बादाम, 3 किलो किशमिश, 5 किलो काजू, 30 किलो नमकीन, 20 पैकेट बिस्कुट, 5 किलो शक्कर और 6 किलो दूध पर 19 हजार 10 रूपये व्यय किये गये। इसके साथ ही अन्य किराना सामान भी के साथ 2 किलो घी भी अधिकारियों को पिला दिया गया। जिसमें 5 हजार 260 रूपये अलग से व्यय हुआ है।

### अधिकारियों पर उठ रहे सवाल

गोहपारू जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत भदवाही में जल चौपाल का आयोजन किया गया था, इसमें अधिकारी पहुंचे भी थे, लेकिन जनपद से जुड़े जानकारों की माने तो जल चौपाल में खिचड़ा, पूड़ी सहित सब्जी बनी थी, लेकिन काजू-बादाम सहित अन्य सामग्री नजर नहीं आई, ग्राम पंचायत में चर्चा है कि अधिकारियों के आने पर उनके वाहनों में यह सामान रखवाया गया होगा, इसलिए ईमानदार सचिव ने इतनी मात्रा में किराना सामान खरीदा होगा। संभवतः अधिकारियों ने 800-800 ग्राम काजू-बादाम का पैकेट अपने परिवार के लिए पंचायत से लिया होगा। जागरूक लोगों का कहना है कि उक्त मामले में स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों को स्वतः संज्ञान लेकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करानी चाहिए।

# इमामे हुसैन की याद में शहर भर में चला लंगर, हजारों लोगों ने लिया हिस्सा

### पुरानी बस्ती से लेकर पत्ता गोदाम तक मोहर्रम की 7वीं तारीख पर बंटा भाईचारे का पैगाम





**शहडोल।** मोहर्रम की 7वीं तारीख पर शहडोल शहर श्रद्धा, समर्पण और इंसानियत की मिसाल बन गया। इमामे हुसैन की शहादत की याद में मुस्लिम समुदाय द्वारा जगह-जगह लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें न सिर्फ मुस्लिम समाज के लोग बल्कि अन्य धर्मों के लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। शहर की पुरानी बस्ती में नौजवान कमेटी के तत्वावधान में भव्य लंगर का आयोजन किया गया, जहां दूर-दूर से आए लोगों ने एक साथ बैठकर भोजन किया। सुबह से देर रात तक चले इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने लंगर ग्रहण किया। इसके अलावा मि_बाड़ा, पत्ता गोदाम और सोहागपुर क्षेत्रों में भी स्थानीय मुस्लिम समाज के युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर लंगर सेवा का आयोजन किया। जगह-जगह प्याऊ, फल वितरण और मीठे पानी की व्यवस्था की गई, जिससे राहगीरों को भी राहत मिली...

**धर्म से ऊपर उठकर सेवा की भावना-** इन आयोजनों में देखने वाली सबसे खास बात यह रही कि लंगर वितरण में सिर्फ मुस्लिम ही नहीं, बल्कि अन्य लोगो ने भी बढ़-चढकर सेवा करते दिखे, यह नजारा शहडोल की गंगा-जमुनी तहज़ीब और सामाजिक सौहार्द की जीवंत मिसाल बना। नौजवान कमेटी के आयोजकों ने बताया कि मोहर्रम केवल मातम का महीना नहीं, बल्कि इंसानियत, बलिदान और सेवा का प्रतीक है। इमाम हुसैन की कुर्बानी हमें सत्य और न्याय के रास्ते पर चलने की प्रेरणा देती है। इस कार्यक्रम में नौजवान कमेटी के सरपरस्त शेरे अकरम , शमशेर खान, सहित अजहर, शहबाज, शाजिद , डा राज, फजल, समीर, आफताब,साहिल, शोएब, नासिर ,आकिब ,आदिल, वाजिद शामिल रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैदी से मौजूद रहा। किसी भी अप्रिय घटना की खबर नहीं मिली।

# मोटर मैकेनिक बना मुसीबत

## मासूम बच्चियों को बना रहा ढाल



**बुढ़ार।**

नगर के ईरानी मोहल्ले में इन दिनों एक मोटर मैकेनिक मजीद सुर्खियों में है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला यह शख्स अपने रिश्तेदारों के रहम पर दी गई ज़मीन में बसने आया था, लेकिन अब वही मजीद धीरे-धीरे उस ज़मीन पर कब्जा जमाने की साजिशों में जुटा हुआ है। इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात ये है कि मजीद अब अपने मासूम बच्चियों को विवाद की ढाल बनाकर शासन-प्रशासन को गुमराह कर रहा है। बताया जा रहा है कि मजीद ने शुरू में रिश्तेदारों के सहयोग से शांति से निवास करना शुरू किया, लेकिन कुछ ही समय में उसने न सिर्फ रहने की जगह पर कब्जा करने की कोशिश की बल्कि उस जमीन को लेकर जबरन विवाद भी खड़ा कर दिया। मामला इतना बढ़ा कि पुलिस तक पहुंचा, लेकिन बुढार थाना पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए एनसीआर दर्ज कर खानापूर्ति कर दी।

### स्कूल ड्रेस और बच्चियों की 'स्क्रिप्ट' से गढ़ा प्रोपेगेंडा

मजीद ने अब विवादित जमीन को लेकर एक सुनियोजित 'ड्रामा' शुरू किया है। आरोप है कि वह अपनी मासूम बच्चियों को स्कूल ड्रेस पहनाकर दीवार फांदकर स्कूल भेज रहा है ताकि यह दिखाया जा सके कि जमीन पर चल रहे विवाद की वजह से बच्चियों को स्कूल जाने में परेशानी हो रही है। इतना ही नहीं, उसने प्रशासन को यह झूठा चित्र दिखाने की कोशिश की कि उस विवादित भूमि पर लगे गेट की वजह से उसका पूरा परिवार 'बंधक' है, जबकि हकीकत यह है कि उस स्थान से चंद कदमों की दूरी पर एक नहीं तीन और सार्वजनिक रास्ते भी मौजूद है।

### प्रशासन को अंधेरे में रखा

पूरे मामले मे शासन-प्रशासन को अंधेरे में रखकर व्यक्तिगत मामले को समाज और जनहित से जोड़ा जा रहा है, एक ओर जहां स्थानीय लोग और पीड़ित परिवार न्याय की गुहार लगा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर मजीद अपनी चालबाजियों से न सिर्फ जमीन पर कब्जा जमाने में लगा है, बल्कि बच्चियों को भी ढाल बनाकर संवेदनाओं से खिलवाड़ कर रहा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि मजीद अब उनके लिए सिरदर्द बन चुका है। हमने रहम करके उसे आसरा दिया, लेकिन उसने हमारे ही साथ धोखा किया। अब हमारे खुद के मकान और ज़मीन पर कब्जे की कोशिश कर रहा है।

# सात चोरियों का कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा

## शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के सूने घरों को बनाता था निशान




**शहडोल।**

पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारियों को वर्तमान में हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने एवं पुरानी चोरियों पर गहन विवेचना कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी करने के लिए दिशा-निर्देश दिये थे। कोतवाली पुलिस ने सतर्कता और प्रभावी कार्रवाई के माध्यम से 07 चोरियों का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर चोर अंकित विश्वकर्मा पिता स्व. सुनील विश्वकर्मा निवासी ग्राम पचगांव को गिरफ्तार किया, जो शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के सूने घरों को चिन्हित कर चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। आरोपी द्वारा की गई कुल 07 चोरियों में 04 घटनाएं पाण्डवनगर क्षेत्र की, 02 एमपीईबी कॉलोनी की तथा 01 जेल बिल्डिंग के पास की शामिल हैं, जो हाल के दिनों में अलग-अलग तिथियों को घटित हुई थीं। पूछताछ में आरोपी ने चोरी का सामान अभय सोनी को बेचना बताया है। आरोपी से चोरी हुआ सामान खरीदने वाले अभय सोनी पिता अजय सोनी उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम पचगॉव को भी दो प्रकरणों में आरोपी बनाया गया है।

पुलिस सहित जज को भी बनाया निशाना 26 जून को श्रीनिवास तिवारी सहायक उपनिरीक्षक थाना सिंहपुर निवासी एमपीईबी कॉलोनीए वार्ड नंबर 10 शहडोल द्वारा घर से घड़ी, चांदी की पायल एवं 3-4 चांदी के सिक्के की चोरी होने कि रिपोर्ट पर कोतवाली में बीएनएस के तहत कायम किया गया था। 01 जुलाई को एसडीएम ज्योति परस्ते निवासी खेरमाइ माता मंदिर के पास, पाण्डव नगर शहडोल के आवास से पायल, बिछिया एवं नगदी की चोरी होने कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध कायम किया गया था। 24 जून को एटीओ ओमप्रकाश साकेत निवासी शासकीय आवास, पाण्डव नगर द्वारा आवास से लगभग 4000 रूपये नगदी की चोरी होने कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध दर्ज किया गया था, 20 जून को एडीपीओ प्रवीण सिंह निवासी शासकीय आवास, पाण्डव नगर के आवास से सोने-चांदी के जेवरात एवं नगदी करीबन 15000 रुपये कुल कीमती करीबन 95000 रुपये की चोरी होने कि रिपोर्ट कोतवाली में कायम किया गया था। 15 मई को जय समीर नंदा निवासी शासकीय आवासए एमपीईबी कॉलोनी द्वारा आवास से कुल चोरी नगदी व आभूषण मिलाकर लगभग 80000 रूपये की की चोरी होने कि रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में बीएनएस के तहत कायम किया गया था। 08 अप्रैल को उप पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र सिंह निवासी शासकीय आवास जेल बिल्डिंग के पास से एक लैपटाप, घड़ी कुल कीमत करीब 45000 रुपये की चोरी होने कि रिपोर्ट दर्ज की गई थी, 04 अप्रैल को एडीजे कमलेश कोल निवासी एचपी गैस गोदाम के पास, पाण्डव नगर के आवास से नगदी सिक्के और मुद्राएं कीमती लगभग 5000 रूपये की चोरी हो जाने रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 331(3) 305(1) बीएनएस के तहत कायम किया गया था। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी राघवेन्द्र तिवारी, उप निरीक्षक राकेश बागरी तथा सहायक उप निरीक्षक रजनीश तिवारी, प्रधान आरक्षक मायाराम की भूमिका रही।



# किसानों के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धः विधायक

## विधायक ने किसानों को वितरित किया बीज

**शहडोल।** विधायक जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र श्रीमती मनीषा सिंह ने कृषि विभाग द्वारा ग्राम सिंहपुर में आयोजित दलहन बीज कार्यक्रम के माध्यम से किसानो को दलहन बीज का वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोंधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानो की आय बढाने के लिए लगातार प्रयासरत है। खेती का उत्पादन बढाने के लिए जहां उन्नत कृषि तकनीक को बढावा दिया जा रहा है वहीं उत्तम बीज, जैविक उवर्रक एवं जैविक कीटनाशको की जानकारी किसानो को देकर खेती की लागत को कम करने के प्रयास किये जा रहे है। प्रदेश सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादन बढाने के लिए, गौवंश पालन पर अनुदान तथा दुध खरीदने की व्यवस्था भी शासन द्वारा की जा रही है। खेती की सिंचाई के लिए लगातार सिंचाई रकवा बढाने तथा किसानो को 10 प्रतिशत लागत पर सोलर पंप उपलब्ध कराने की योजना शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। दलहन उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उन्नत बीजों का वितरण एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे भूमि की उर्वरता भी बनी रहेगी और पोषण सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने किसानों को दलहन बीजो का वितरण भी किया। कार्यक्रम में कृषि अधिकारियों द्वारा किसानों को तकनीकी जानकारी भी दी गई तथा बीजों के सही उपयोग एवं वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती करने के लाभ बताए गए।

# भालू ने युवक पर किया हमला



**शहडोल।** जिले के जैतपुर वन परिक्षेत्र के कुम्हेडीन गांव में खेत में काम कर रहे किसान पर भालू ने हमला कर उसे बुरी तरीके से जख्मी कर दिया। घटना के बाद परिजन घायल को लेकर जैतपुर अस्पताल पहुंचे, जहां उसकी हालत नाजुक देख डॉक्टरों ने घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर किया है। घटना के बाद केशवाही रेंजर ने अपने स्टाफ को अस्पताल भेजा था, लेकिन घायल मेडिकल कॉलेज रेफर हो चुका था। घटना जैतपुर वन परिक्षेत्र की है, लेकिन जैतपुर का स्टाफ मौके पर नहीं पहुंचा। परिजनों ने बताया कि सुखलाल सिंह पिता रामटहल उम्र 46 वर्ष घर के पास स्थित खेत में काम कर रहे थे। तभी पीछे से भालू आ पहुंचा और सुखलाल पर हमला बोल दिया। इसके बाद सुखलाल ने चिल्लाना शुरू किया। चीख पुकार की आवाज सुनकर परिजन मौके पर दौडक़र गए। भीड़ को देखा भालू मौके से भाग गया। घटना में सुखलाल के सिर में गंभीर चोट पहुंची है। घटना के बाद परिजन घायल को लेकर जैतपुर अस्पताल पहुंचे, जहां उसकी हालत देख डॉक्टर ने सुखलाल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार जैतपुर वन विभाग को मामले की जानकारी दी गई है, लेकिन अमला मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में गुस्सा है।

### इनका कहना है...

भालू के हमले से एक व्यक्ति घायल हुआ है, उसका उपचार मेडिकल कॉलेज में चल रहा है, मैंने कर्मचारियों को कहा है मौके पर जाकर देख लें। घायल के उपचार में जो भी खर्च होगा, उसे वन विभाग वहन करेगा। मेडिकल कॉलेज से अगर निजी अस्पताल भी घायल को रेफर किया जाता है तो, पूरा खर्च वन विभाग देगा। इस क्षेत्र में भालू की संख्या अधिक है। हम समय-समय पर लोगों को जागरूक रहने की सलाह भी देते हैं।

राहुल सिकरवार रेंजर, जैतपुर

## आज प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को वितरित किये जायेंगे लैपटॉप

**कॉलरी स्कूल में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम**

**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लैपटॉप वितरित करेंगे। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत अथवा उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले प्रति विद्यार्थी को 25 हजार रुपए की राशि लैपटॉप क्रय करने के लिए उनके बैंक खाते में अंतरित करेंगे। इस वर्ष 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप के लिए 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रूपये की राशि दी जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय कॉलरी स्कूल में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना में जिले के 429 विद्यार्थियों के खाते में 25-25 हजार रूपये के मान से लैपटॉप के लिए राशि अंतरित होगी।

## सर्पदंश के बाद पारंपरिक तरीकों से न करें उपचारः सीएमएचओ

**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस.चंदेल ने कहा कि सर्पदंश होने पर व्यक्ति को आश्वस्त करें और शांत रहें। धीरे-धीरे सांप से दूर हो जाएं। घाव वाले अंग को स्थिर रखें (न हिलाएँ)। यदि सर्पदंश वाली जगह पर किसी प्रकार का आभूषण, जूते, अंगूठी, घड़ी या तंग कपड़ा है तो निकाल दें। पीड़ित को स्ट्रेचर पर बाई करवट लिटाएं, दाहिना पैर मुड़ा हुआ हो और हाथ से चेहरे को सहारा दें। पीड़ित व्यक्ति को तुरंत नज़दीकी अस्पताल लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि पीड़ित को अत्यधिक दबाव या घबराहट न होने दें। साँप पर हमला करने या उसे मारने की कोशिश ना करें। यदि आप ऐसा करेंगे तो सांप अपने बचाव में आपको काट सकता है। सर्पदंश वाले घाव को न काटें और न ही घाव पर सर्प विषरोधी इंजेक्शन या दवाई लगाएँ। घाव को बांध कर रक्त संचार रोकने का प्रयास न करें। रोगी को पीठ के बल न लिटाए इससे वायुमार्ग में रुकावट हो सकती हैं। पारंपरिक तरीको से उपचार करनें का प्रयास न करें।

## 8 एवं 9 जुलाई को जिला,विधानसभा स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण

**नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त**

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार बूथ लेबल आफिसर्स के लिए राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत जिला, विधानसभा क्षेत्र स्तर पर बीएलओ का प्रशिक्षण विधानसभा क्षेत्र 90 मानपुर के समस्त बीएलओ का प्रशिक्षण 8 जुलाई को तथा 89 बांधवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के समस्त बीएलओ का प्रशिक्षण 9 जुलाई को प्रातः 11 बजे से सायं 6 बजे तक शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में आयोजित किया गया है । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर्स, तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी, भृत्य की ड्युटी कक्षवार लगाई है। उन्होने कहा कि समस्त मास्टर ट्रेनर्स अपने अपने कक्षवार बीएलओ को प्रशिक्षण देगे । श्री सुशील मिश्रा व्याख्याता डाइट उमरिया प्रशिक्षण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी तथा संजय पांडेय मंडल संयोजन जन जातीय कार्य विभाग सहायक नोडल अधिकारी होगे तथा निर्धारित दिनांक तथा समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होने कहा है कि समस्त मास्टर ट्रेनर्स, तकनीकी, अधिकारी, कर्मचारी,भृत्य निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने निर्धारित प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करें तथा तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी 7 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से संपर्क कर प्रोजेक्टर प्राप्त कर अपने निर्धारित कक्ष में अनिवार्यतः इंस्टॉल कर नोडल अधिकारी को ओके रिपोर्ट अपने मास्टर ट्रेनर को देना सुनिश्चित करें । मास्टर ट्रेनर इसकी जानकारी नोडल अधिकारी को देंगे जिससे ट्रेनिंग समय सीमा में प्रारंभ हो सके।प्रशिक्षण समाप्ति उपरांत समस्त उपकरण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को सूचित करते हुए जिला निर्वाचन कार्यालय को जमा कराना सुनिश्चित करेंगे ।

### आम आदमी की थाली से गायब होती सब्जी

# सब्जियों के बढ़े दाम बिगाड़ रहे रसोई का बजट

बारिश के कारण स्थानीय सब्जियों की पैदावार लगभग ठप पड़ गई है या फिर खराब हो चुकी है, जिससे मंडियों में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे रसोई का बजट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। आम आदमी की थाली से हरी सब्जियां गायब होने लगी है। भावों में एकदम से इतना उछाल आया है कि कम आय वाले परिवारों के लिए हरी सब्जी खरीदकर खाना मुश्किल हो रहा है।

उमरिया।



मानसून की पहली बारिश ने जहां एक ओर गर्मी से राहत दिलाई है, वहीं दूसरी ओर इसने आम आदमी की जेब पर भारी बोझ डाल दिया है। लगातार हो रही वर्षा के कारण स्थानीय सब्जियों की पैदावार लगभग ठप पड़ गई है या फिर खराब हो चुकी है, जिससे मंडियों में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे राज्यों से आने वाली सब्जियों पर निर्भरता बढने के कारण कीमतों में बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे रसोई का बजट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

### महंगी हुई भिंडी-करेला

बाजार में सब्जियों की कीमतों में सबसे बड़ा उछाल टमाटर में देखने को मिला है। जो टमाटर पिछले हफ्ते तक 30 रुपये प्रति किलो बिक रहा था, अब वह 40 रुपये प्रति किलो के भाव पर बिक रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके फुटकर दाम में और तेजी आ सकती है। इसी तरह, भिंडी के दामों में भी जबरदस्त उछाल आया है। कुछ दिन पहले तक जिसे 20 रुपये किलो में कोई पूछने वाला नहीं था, वही भिंडी अब 30 रुपये से 35 रुपये प्रति किलो बिक रही है। करेला भी 45 रुपये से 50 रुपये प्रति किलो के भाव पर पहुंच गया है, जिससे यह आम आदमी की थाली से दूर होता जा रहा है।

### मसाले भी रूला रहे

सब्जियों के साथ-साथ मसालों ने भी उपभोक्ताओं को रुला दिया है। पिछले दो दिनों में लहसुन के दाम में 20 रुपये की बढ़ोतरी हुई है, जिससे यह अब 110 रुपये प्रति किलो के आसपास बिक रहा है। अदरक 45 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गया है और धनिया के दामों में भी तेजी बनी हुई है। थोक कारोबारियों का अनुमान है कि अगले हफ्ते तक बाजार में सब्जियों की कीमतें और बढने की संभावना है।

### बिचौलियों ने भी महंगाई के जिम्मेदार

वर्तमान में भोपाल में टमाटर की अधिकांश आवक कर्नाटक से हो रही है। थोक बाजार में 24 रुपये से 26 रुपये प्रति किलो खुलने के बावजूद, फुटकर बाजार में पहुंचते-पहुंचते टमाटर 35 रुपये से 45 रुपये प्रति किलो के आसपास बिक रहा है। यह दर्शाता है कि परिवहन लागत और बिचौलियों का मुनाफा भी कीमतों को बढ़ाने में एक बड़ा कारक है।

### आलू-प्याज में भी आई वृद्धि

स्थिर समझे जाने वाले आलू और प्याज की कीमतों में भी मानसून के कारण 5 रुपये से 10 रुपये प्रति किलो की तेजी दर्ज की गई है। ये दोनों सब्जियां अभी 20 रुपये से 25 रुपये प्रति किलो पर बनी हुई हैं, लेकिन थोक कारोबारियों के अनुसार अगले कुछ दिनों में इनके फुटकर भाव में 5 रुपये तक की और तेजी संभावित है।

## सिर्फ भाषण तक सीमित कोतमा में खंड स्तरीय कार्यालय खोले जाने की घोषणा

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोतमा क्षेत्र आदिवासी क्षेत्र होने के साथ ही यहां पर आज भी लोग विकास को लेकर तरस रहे हैं । कहने को तो कोतमा विधानसभा क्षेत्र सामान्य क्षेत्र घोषित हो गया है और तीसरी बार यहां से सामान्य सीट पर विधायक चुने गए हैं लेकिन आज भी इस क्षेत्र मे पूरी तरह से विकास कार्य नहीं हो पाया है ना तो स्वास्थ्य की सुविधा पूरी तरह से संचालित हो पाई है डॉक्टरों की कमी बनी हुई है यहां तक की आज तक इस विधानसभा क्षेत्र में पूरी तरह से खंड स्तरीय कार्यालय भी संचालित नहीं हो पाए हैं जिसके कारण आज भी लोग जिला मुख्यालय छोटे से काम के लिए जाते हैं जिसके कारण लोगों का समय एवं पैसा भी बर्बाद होता है और जब काम नहीं होता है तो बैरंग वापस लौट आते हैं और शासन को कोसते नजर आते हैं । वर्ष 2018 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा घोषणा पर अमल लाते हुए कोतमा में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग का खंड स्तरीय कार्यालय संचालित करवाया है लेकिन अभी तक पूरे विभागों का कार्यालय संचालित नहीं हो पाया है। 16 अगस्त को जिला मुख्यालय में प्रदेश के मुख्यमंत्री का आगमन हुआ था और कोतमा विधानसभा से विधायक एवं प्रदेश के मंत्री दिलीप जायसवाल के द्वारा कोतमा में सभी विभागों का खंड स्तरीय कार्यालय खोले जाने को लेकर ज्ञापन सोपा था जिस पर मुख्यमंत्री के द्वारा तत्काल घोषणा की गई थी कि कोतमा में सभी विभागों के कार्यालय संचालित करवाए जाएंगे लेकिन उसे घोषणा को 4 महीने बीतने को है अभी तक यह जानकारी नहीं हुई है कि कोतमा में खंड स्तरीय कार्यालय खोले जाने को लेकर कार्यवाही कहां तक पहुंची है या यह भी महज घोषणा साबित होकर रह जाएगी।

# लोकतंत्र सेनानियों के परिवारजनों का ताम्र पत्र से किया गया सम्मान





**उमरिया।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व्दारा लोकतंत्र की रक्षा के लिए अनुकरणीय त्याग और बलिदान देने वाले लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान में भेजे गये ताम्र पत्र को कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन , पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने उनके परिवार जनों को भेंटकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर स्व. वीरेन्द्र सिंह चंदेल की पत्नी श्रीमती शीला सिंह चंदेल निवासी खलेसर तथा स्व. जगदीश प्रसाद उपाध्याय की पत्नी सावित्री देवी उपाध्याय निवासी मुदरिया तहसील पाली का ताम्र पत्र से सम्मान किया । इस अवसर पर भास्कर सिंह चंदेल तथा स्व. जगदीश प्रसाद उपाध्याय के पुत्र विश्वरूप उपाध्याय भी साथ थे । स्व. वीरेन्द्र सिंह चंदेल एवं स्व. जगदीश प्रसाद उपाध्याय ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र को अक्षुण्य रखने और नागरिक अधिकारों के लिए कठोर यातनाएं सही एवं जेल मे निरूद्ध रहे। आपके अदम्य साहस एवं संकल्प प्रदर्शन के कारण 21 मार्च 1977 को आपातकाल समाप्त हुआ।लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपने अनुकरणीय त्याग और बलिदान किया।आप प्रदेश के लोकतंत्र सेनानी है। आपके साहसपूर्ण कार्य के लिए ताम्रपत्र से सम्मानित करते हुए राज्य शासन गौरांवित है।

# ग्राम पंचायत भवन ददरौड़ी एवं बड़ेरी में शिविर संपन्न



**उमरिया।** जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सेवकराम सोनवानी ने बताया कि वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान के अंतर्गत ग्राम ददरौड़ी तथा ग्राम पंचायत बड़ेरी के ग्राम पंचायत भवन एवं ग्राम के चौक चौराहे में बैंकों द्वारा कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में 5 योजनाओं में सभी पात्र लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति ,अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना तथा इनएक्टिव खातों का पुनः केवायसी करके संतृप्त किया किया जा रहा है । ग्राम सचिव, रोजगार सहायक शंकर दहिया, रीता सिंह परिहार एवं यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक एवं सेंट्रल बैंक के शाखा प्रबंधक एवं साथी तथा अतिरिक्त बड़ी संख्या में ग्राम वासी सम्मिलित हुए।



## शासकीय महाविद्यालय कोतमा में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**

आयुक्त उच्च शिक्षा के निर्देशानुसार 1 से 3 जुलाई तक शासकीय महाराजा मार्तंड महाविद्यालय कोतमा के स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ द्वारा मुख्य भवन के कक्ष क्रमांक-01 में दीक्षारंभ समारोह प्रथम दिवस प्राचार्य संरक्षक डॉ विनय कुमार सोनवानी की उपस्तिथि में मां सरस्वती के वंदना के फलस्वरूप प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम प्राचार्य द्वारा सभी नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत उद्बोधन किया गया जिसमें सभी को महाविद्यालय में प्रवेश के लिए बधाई एवं उज्जवल भविष्य की कामना किया गया साथ ही सभी नवप्रवेशित छात्रों को संबोधित करते हुए प्रेरित रहने एवं देशहित हेतु कौशल विकास कर रोजगार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित करने का कार्य किया गया। संयोजक डॉ गिरेन्द्र शर्मा एवं मोहम्मद मोबीन द्वारा सभी छात्रों विषय वस्तु मेज माईनर वैकल्पिक व्यावसायिक फील्ड प्रोजेक्ट क्रैडिट सिस्टम की जानकारी सभी को प्रदान की गई तत्पश्चात मोहम्मद मोबीन द्वारा सभी नवप्रवेषित विद्यार्थियो को महाविद्यालय का भ्रमण कराया गया जिसमे महाविद्यालय के विभिन्न विभागों जैसे रसायन वनस्पति् राणी भौतिक शास्त्र प्रयोगशाला, वाणिज्य विभाग, राजनीति इतिहास समाज शास्त्र अर्थशास्त्र क्रीड़ा विभाग, परीक्षा विभाग प्राचार्य कक्ष, कार्यालय आदि के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करायी साथ समस्त शैक्षणिक स्टाफ से परिचय कराया इसके साथ ही प्राचार्य की अनुमति से प्रथम दिवस का समापन किया गया। 2 जुलाई मुख्य भवन के कक्ष क्रमांक-01 में छात्र दीक्षारम्भ उन्मुखीकरण कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में छात्रो को महाविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों एवं विभाग के कार्यो से अवगत कराया जिसमे सर्वप्रथम पुस्तकालय जिसमे प्रभारी डॉ आकांक्षा पाण्डेय द्वारा भौतिक ई पुस्तकालय एवं वाचनालय आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की साथ ही सभी नवप्रवेषित विद्यार्थियों को पुस्तकालय का भ्रमण करा कर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गयी।अगले कड़ी में प्रो.जबेदिउस लकड़ा द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम की जानकारी साथ ही मेजर विषय पर सभी के साथ विस्तार से चर्चा की सभी को मेजर विषय का चयन अच्छे से समझ करने हेतु प्रेरित करने का कार्य किया। तत्पश्चात डॉ अमित निगम द्वारा विद्यार्थियो को गौण विषय अवम नई शिक्षा नीति के प्रमुख बिंदु जैसे क्रेडिट सिस्टम, छात्र केनद्रित्त शिक्षा आदि पर जानकारी प्रदान की गई एवं डॉ चेतना शर्मा द्वारा वैकल्पिक विषय को विस्तार से सभी को समझाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ प्रो. जबेदिउस लकड़ा, डॉ आकांक्षा पाण्डेय, मोहम्मद मोबीन, डॉ अमित निगम, डॉ चेतना शर्मा एवं 50 नवप्रवेषित विद्यार्थियो ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। 03.07.2025 को दीक्षारम्भ उन्मुखीकरण समारोह के तृतीय सत्र में सभी छात्रो को मोहम्मद मोबीन द्वारा बौधिक संपदा एवं साइबर क्राइम पर विस्तार से चर्चा की गयी साथ ही स्वामी विवेकान्नद करियर मार्गदर्शन योजना एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत संचालित गतिविधि की जानकारी प्रदान की गयी जैसे करियर काउसलिंग, माहवार गतिविधि आदि पर विस्तार से चर्चा की गयी साथ ही सभी को महाविद्यालय में होने वाले शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधि में सहभागिता हेतु प्रेरित करने का कार्य किया ।तत्पश्चात डॉ अनीता तिवारी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी डॉ श्रीकान्त मिश्रा द्वारा छात्रवृति से सम्बंधित जानकारी सभी के समक्ष प्रस्तुत की गयी तत्पश्चात डॉ प्रवीण कुमार यादव ने परियोजना कार्य एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी सभी के समक्ष प्रस्तुत की अंत में डॉ मीना मिश्रा द्वारा खेल गतिविधि के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की गयी कार्यक्रम में महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ डॉ श्रीकांत मिश्रा, डॉ अनीता तिवारी, डॉ मीना मिश्रा, मोहम्मद मोबीन, डॉ प्रवीण कुमार यादव, डॉ राज कुमार रैदास, डॉ नीलम मिश्रा एवं डॉ रंजना बघेल एवं 30 नवप्रवेषित विद्यार्थियो ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**उमरिया।** म.प्र.जन अभियान परिषद द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ करते हुए जिला पंचायत उमरिया प्रागंण में आम का पेड़ रोपित किया एवं पर्यावरण को संतुलित रखने का संदेश दिया । कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह ओहरिया, जिला समन्वयक रविन्द्र कुमार शुक्ला, विकासखण्ड समन्वयक मानपुर महेन्द्र सिंह तराम , विकासखण्ड समन्वयक पाली पुष्पा तेकाम परामर्शदाता संतोष त्रिपाठी , सीएमसीएलडीपी छात्र दीपक नामदेव, सावी मिश्रा , अंजली सोंधिया एवं मान सिंह मरकाम उपस्थित रहे।

# सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण



**उमरिया।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी चिकित्सा डॉ. व्ही.एस . चंदेल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदिया का भ्रमण किया गया । भ्रमण के दौरान उन्होने विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया गया एवं मौसम के आधार पर जिंक ओआरएस कॉर्नर बनाये जाने एवं समय अनुसार स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया । लैब जांच हेतु गुणवत्ता का अवलोकन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलासपुर का भ्रमण कर विगत समय दिए गए निर्देश अनुसार भवन को रिपेयरिंग कार्यों का अवलोकन किया गया एवं जल्द से जल्द कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए। भ्रमण में रोहित सिंह बघेल साथ मे थे।

### ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से रेल प्रबंधन कर रहा सौतेला व्यवहार

# कोतमा उद्योग व्यवसायिक संघ ने मांगों का सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज कोतमा।**




जिले का आर्थिक नगरी कहलाये जाने वाला कोयलांचल क्षेत्र का सबसे बड़ा व्यापारिक केंद्र कोतमा सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के साथ रेल प्रबंधन के द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। यहां के लोगों को ट्रेन सुविधा के नाम पर मात्र झुनझुना पकड़ा दिया जाता है जबकि इस क्षेत्र में कई कोयल की खदानें संचालित है और यह क्षेत्र वन संपदा से भी आच्छादित है। शुक्रवार को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के जी एम तरूण प्रकाश का आगमन शहडोल एवं अनुपपुर हो रहा है जिसको लेकर कोयलांचल क्षेत्र के लोग काफी आसान्वित महसूस कर रहे हैं क्षेत्र के नागरिकों को यह आशा है कि रेलवे के जी एम के द्वारा कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को हो सकता है ट्रेन से संबंधित एवं स्टेशन के सुधार की कुछ घोषणा कर दें जिसको लेकर भी कोयलांचल क्षेत्र के लोगों को काफी आशा है। कोयलांचल क्षेत्र के नागरिकों का कहना है कि कोतमा विधानसभा क्षेत्र से ही संभाग के इकलौते मंत्री दिलीप जायसवाल प्रदेश में मंत्री के पद पर आसीन है। कहने को तो शहडोल संसदीय क्षेत्र से हिमाद्री सिंह सांसद हैं और उनके ही संसदीय क्षेत्र में लोग ट्रेनों को लेकर परेशान नजर आ रहे हैं। लोग अब तो सांसद पर सवालिया निशान भी खड़ा करने लगे हैं कि आए दिन संसद के द्वारा क्षेत्र की रेल समस्याओं को लेकर रेल मंत्री से मुलाकात करते हुए मांग पत्र सौपा जाता है लेकिन यह मांग पत्र मांग पत्र ही बनकर रह जाती है दूसरा कार्यकाल शुरू है उनका लेकिन रेल सुविधाओं के नाम पर इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जाता है यह लोगों के बीच अब जन चर्चा का विषय बनकर रह गया है, वही लोग अब चौक चौराहों में खड़े होकर यह चर्चा भी कर रहे हैं कि हमारे यहां के सांसद से तो अच्छे छत्तीसगढ़ के सांसद है जिनकी मांगों पर रेल प्रबंधन के द्वारा तत्काल विचार करते हुए मांग स्वीकृत कर दी जाती है और उन्हें आए दिन ट्रेनों की सौगातें भी मिलने लगी है। हाल ही में उज्जैन से अंबिकापुर तक साप्ताहिक ट्रेन दो दिन चलाई गई है जिसका स्टॉपेज भी कोतमा में नहीं दिया गया है जबकि अनूपपुर जिले का सबसे बड़ा शहर कोतमा है और इसके साथ ही रेल प्रबंधन के द्वारा सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। नगर के उद्योग एवं व्यवसायिक संगठन के द्वारा अब छत्तीसगढ़ के सांसद बृजमोहन अग्रवाल पर भरोसा जताते हुए उनको एक मांग पत्र भेजा है जिसमें यह उल्लेख किया गया है कि सरगुजा संभाग एवं शहडोल संभाग के यात्रियों की सुविधा हेतु रेल विभाग से विभिन्न मांगों के संबंध में यह मांग पत्र सौपा गया है।

### यह है मांग

कोतमा उद्योग व्यवसायिक संघ के द्वारा छत्तीसगढ़ के सांसद बृजमोहन अग्रवाल को मांग पत्र देते हुए उल्लेख किया है कि ट्रेन नंबर 18242 और 18 243 अंबिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस को नागपुर तक बढ़ाया जाए इस संभागों के मरीज को इलाज के लिए नागपुर के लिए सीधी ट्रेन ना होने के कारण बिलासपुर अथवा कटनी से ट्रेन पकड़नी पड़ती है इसे अंबिकापुर से 2 घंटे पूर्व छोड़ जाए एवं अंबिकापुर शहडोल ट्रेन को बंद कर दिया जाए। चिरमिरी बिलासपुर ट्रेन को जिसका गाड़ी संख्या 18 258 को चिरमिरी से झारसुगड़ा या रायगढ़ तक बढ़ाया जाए क्योंकि वह सुबह 4:30 बजे बिलासपुर पहुंचकर दिनभर बिलासपुर स्टेशन में खड़ी रहती है और फिर रात को चलती है । ट्रेन नंबर 18202 शहडोल नागपुर एक्सप्रेस को अंबिकापुर से नागपुर चलाया जाए ताकि अनूपपुर जिले के साथ ही सरगुजा संभाग के यात्रियों को स्वास्थ्य लाभ के लिए नागपुर जाने के लिए सीधी ट्रेन उपलब्ध हो सके यह ट्रेन अभी शहडोल से चलती है इसे बालाघाट गोंदिया रूट से चलाया जाता है। अंबिकापुर से मुंबई के लिए ट्रेन चलाई जाए ताकि दोनों संभागों के लोगों को इसका लाभ मिल सके। चिरमिरी रीवा गाड़ी संख्या 11752 तथा रीवा चिरमिरी को कोविड काल की पूर्व स्थिति में बहाल किया जाए पूर्व में यह ट्रेन सातों दिन चलती थी वर्तमान में तीन दिन ही चल रही है। अनूपपुर मनेंद्रगढ़ मेमू ट्रेन जो की अनूपपुर जंक्शन से मनेद्रगढ़ के लिए रात्रि 10:15 पर रवाना होती है इसमें किसी भी ट्रेन का मिलन ना होने के कारण पुरी ट्रेन खाली जाती है इस ट्रेन को रात्रि 12:00 बजे अनूपपुर जंक्शन से रवाना किया जाए जिससे अमरकंटक एक्सप्रेस की सवारी तथा कटनी मार्ग से जाने वाली ट्रेनों की सवारी अपने गंतव्य को जाने के लिए कनेक्टिविटी मिल सके । कोतमा एक नंबर प्लेटफार्म को अनूपपुर की दिशा में लंबाई बढ़ाई जाए दुर्ग अंबिकापुर एक्सप्रेस के आठ डिब्बे प्लेटफार्म के बाहर खड़े होते हैं जिसमें यात्रियों को अंधकार में कुछ दिखाई नहीं पड़ता है तथा लाइन के बगल में खुली नाली है जिससे कभी भी अपनी दुर्घटना हो सकती है। स्टेशन में महिला या पुरुष के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है वार्ड 14 15 रेलवे ओवरब्रिज पर सोलर लाइट या विद्युत लाइट की व्यवस्था प्लेटफार्म एक और दो दोनों सेट से पानी अंदर गिरता है उसकी रिपेयरिंग की व्यवस्था एवं ठंडा पानी पीने की व्यवस्था करवाई जाए। कई नई साप्ताहिक ट्रेनें चलाई गई है उन ट्रेनों का स्टॉपेज भी कोतमा में नहीं दिया गया है जिसके कारण आम नागरिकों के साथ ही व्यापारी परेशान हो रहे हैं ।

**खबर संक्षेप**

## बांधकर खेती करने के लिए आठ दस बंधी बनाकर नदी की धार को बदला

**ब्यौहारी शहडोल।** ग्राम पंचायत खडहुली तहसील ब्यौहारी शहडोल स्थित पुतहाड़ी नदी की धार को रामावतार कुशवाहा खड़हुली द्वारा बांधकर खेती करने के लिए आठ दस बंधी बनाकर नदी की धार को बदल दिया और नदी में कब्जा करते हुए एक सकरा नाला के रूप में लगभग चार पांच फिट चौड़ाई और चार सो फुट लम्बाई में पप्पू राठौर के खेत मेड के किनारे से जेसीबी मशीन से खोदबा दिया जिसकी शिकायत कमिश्नर व कलेक्टर महोदय शहडोल सहित एसडीओ माननीय सौम्या आनंद जी एवं तहसीलदार गुर्जर जी ब्यौहारी को लिखित सूचना दिनांक 03/6/25 को दी गई थी किन्तु संबंधित अधिकारियों द्वारा नदी की धार को खुलवाने के लिए कोई ठोस कदम आज तक नहीं उठाया गया महज एक साधारण नोटिस अवैध कब्जा धारी को दिया गया जिसका तामील नहीं हो पाया बर्षा का समय आ गया छुट पुट वर्षा भी हो रही है यदि तेजी से पानी गिर गया तो खेत मेड सहित पूरा मिट्टी बह जाएगी अतिशीघ्र नदी की बन्द धार को नहीं खुलवाया गया तो लाखों रुपए का नुकसान शिकायत करता को होगी जिस नुकसानी कि सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी

## आयुष्मान कार्ड व की गई सिकल सेल एनीमिया की जांच

**शहडोल।** धरती आबा जागरुकता एवं लाभ संतृप्ति कैम्प जिले अन्तगत चिन्हित ग्रामों में तिथिवार निरंतर जारी है। धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले के ग्राम पंचायत पडमनियाकला में धरती आबा कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में आधार अपडेशन कार्य, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, जनधन खाता, समग्र ई-केवाईसी, किसान सम्मान निधि, मातृ वंदना योजना आदि की जानकारी से लोगो को अवगत कराया गया। आयोजित शिविर में 06 लोगो के आयुष्यात कार्ड बनाये गये, 08 आधार कार्ड सुधार, 55 जाति प्रमाण पत्र, 20 सिकलसेल जाँच, 02 मातृ वंदना योजना,1 वृद्धावाल्या पेशन, 1 विधवा पेंशन,03 एकीकृत बाल विकास सेवा योजना के तहत आवेदनों पत्र प्राप्त व यथासंभव निराकृत किया गया। शिविर में संबधित क्षेत्र के अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि, सरपंच, पंच शिक्षकगण, आगनबाडी कार्यकर्ता, आशा कार्यकता, ए.एन.एम. सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईव्हीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**शहडोल।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. केदार सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थिति ईव्हीएम वेयर हाउस का राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग सहित अन्य राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि विष्णुप्रताप सिंह, रवीन्द्र वर्मा, राकेश कन्नौजिआ, अरफाना सेख, रामनाथ यादव, राजेश चौधरी, राकेश वर्मा, निर्वाचन पर्यवेक्षक संजय खरे, जीके पाण्डेय सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

## आज कोतमा प्रवास पर रहेंगे मुख्यमंत्री



**शहडोल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 जुलाई 2025 को अनूपपुर जिले के कोतमा नगर के प्रवास पर रहेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 4 जुलाई को अपरान्ह 3:30 बजे कोतमा हेलीपैड पर आगमन करेंगे। आगमन उपरांत वे कोतमा में आयोजित विभिन्न शासकीय एवं स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम 5:00 बजे कोतमा हेलीपैड से रीवा एयरपोर्ट की ओर प्रस्थान करेंगे।

### संयुक्त मोर्चा की गेट मीटिंग से हुआ ऐलान

# 9 जुलाई को कोयला मजदूर करेंगे काम बंद

**हड़ताल, निजीकरण विरोधी नीतियों के खिलाफ मोर्चा**

हरिभूमि न्यूज, धनपुरी।



एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र में श्रमिक एकता की अभूतपूर्व तस्वीर सामने आई है, जहां आगामी 9 जुलाई को घोषित पूर्ण हड़ताल को लेकर ज़ोरदार तैयारियाँ और समर्थन देखा जा रहा है।

निजीकरण के खिलाफ और श्रमिक हितों की रक्षा को लेकर संयुक्त मोर्चा द्वारा यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है।बंगवार भूमिगत खदान में दिनांक 3 जुलाई 2025 को आयोजित गेट मीटिंग में संयुक्त मोर्चा के तहत एचएमएस, एटक, इंटक, सीटू और सीटे संगठनों के नेताओं ने श्रमिकों से एकजुट होकर इस संघर्ष को तेज़ करने का आह्वान किया। मीटिंग सुबह 7:30 बजे से 9:00 बजे तक चली और श्रमिकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।मीटिंग में एचएमएस के राकेश पांडेय, अध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी (महामंत्री), इंटक से कैलाश यादव, एटक के रावेंद्र शुक्ला, अध्यक्ष सीटू से अरुण गौतम (क्षेत्रीय सचिव), राकेश राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्रजीत पटेल, क्षेत्रीय वेलफेयर बोर्ड सदस्य धीरेन्द्र पांडेय व अन्य नेताओं ने गेट मीटिंग को संबोधित किया।नेताओं ने कहा कि सरकार की निजीकरण की नीति न सिर्फ श्रमिक विरोधी है, बल्कि यह देश की खनिज संपदा को भी कारपोरेट हाथों में सौंपने की साजिश है। ऐसे समय में 9 जुलाई की हड़ताल सिर्फ एक विरोध नहीं, बल्कि एक निर्णायक संघर्ष की शुरुआत होगी।इसके अतिरिक्त इकाई स्थर पर भी व्यापक समर्थन दिखा, जहां एटक यूनियन से मुकेश राय, दुखीराम दीपक चौहान, राजेश तिवारी तुलसी यादव विकास यादव विकास चंद्र पांडेय, फूलचंद जायसवाल, रामशंकर शुक्ला, लालजी तिवारी, और अन्य कई श्रमिक नेताओं की उपस्थिति रही। बंगवार इकाई से भारी संख्या में श्रमिकों ने भाग लेकर हड़ताल के पक्ष में अपनी एकजुटता दर्ज कराई।संयुक्त मोर्चा ने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने श्रमिक विरोधी नीतियों को नहीं रोका, तो यह आंदोलन और भी व्यापक होगा। यह हड़ताल न सिर्फ एसईसीएल बल्कि पूरे देश के श्रमिक वर्ग की आवाज़ बनेगी।

### मोहर्रम पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न

# जुलूस को लेकर बनाए गए विशेष प्रबंध





धनपुरी ।

थाने में आगामी मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर शांति समिति की बैठक गुरुवार शाम 6 बजे आयोजित की गई। इस बैठक में नगर के गणमान्य नागरिकों, मुस्लिम समाज के वरिष्ठजनों तथा शांति समिति के सदस्यों ने भाग लिया।बैठक के मुख्य अतिथि रहे, वहीं अध्यक्षता तहसील दार भावना डहरिया बुढार, प्रभारी नागेन्द्र सिंह ने की। नगर पालिका के रज्जन, इन्द्र बहादुर सिंह शिक्षक मैथिलीशरण गुप्त, प्रतिनिधि, पत्रकार व सामाजिक कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और गरिमामयी ढंग से मनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया।6 जुलाई को निकाला जाएगा मोहर्रम का जुलूसमुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि 6 जुलाई को दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक अमरकंटक मेन रोड से इमामबाड़ा होते हुए करबला तक मोहर्रम का जुलूस निकाला जाएगा। इस दौरान भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं ताकि आमजन को कोई असुविधा न हो।नगर पालिका करेगी सफाई, विद्युत विभाग देखेगा लाइटिंग व्यवस्थाबैठक में निर्णय लिया गया कि नगर पालिका सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखेगी। खासकर जुलूस मार्ग की विशेष सफाई कराई जाएगी। वहीं विद्युत मंडल को निर्देशित किया गया है कि पूरे मार्ग में समुचित प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि जुलूस रात में भी निर्विघ्न रूप से निकाला जा सके।प्रमुख नागरिक रहे उपस्थित बैठक में इमामबाड़ा कमेटी के सदर अयूब खान, मुजफ्फर खान राशिद मोहम्मद आजाद, खान, राजू अग्रवाल, लक्ष्मण सोनी, मुरलीधर त्रिपाठी राम सिंह, नन्नू मोहम्मद मंसूरी, डॉ. विजय सिंह, कैलाश महोबिया सदन कपूर, सुरेश विश्वकर्मा बजरंग दल मेहुल श्रीवास्तव राजेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।बैठक के अंत में सभी समुदायों से अपील की गई कि मोहर्रम पर्व को सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाया जाए एवं किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहें। पुलिस प्रशासन ने भी भरोसा दिलाया कि पूरी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।



## शांति समिति की बैठक संपन्न

**ब्यौहारी।** थाना में शांति समिति आगामी त्यौहार 6 जुलाई मोहर्रम एवं हिंदुओ के त्यौहार नागपंचमी ,राखी, कजली मिलन को लेकर बैठक संपन्न हुई बैठक में मुस्लिम समाज, हिंदू समाज से शांति पूर्ण ढंग से त्यौहार मनाये जाने की अपील की बैठक में प्रमुख रूप से सुमित गुर्जर तहसीलदार, अरुण कुमार पाण्डेय नगर निरिछक , मोहन पड़वार, व्यवसायी, पत्रकार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ।

## पुलिस ने किया चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार, एक फरार



**शहडोल।** जिले के अमलाई थाना क्षेत्र अंतर्गत फरियादी रविकांत त्रिपाठी निवासी रामपुर द्वारा अपने पुराने बंद घर से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। मामले में थाना अमलाई में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान संदेही संतोष बैगा एवं लालदास बैगा निवासी रामपुर से पूछताछ में दोनों के द्वारा ताला तोडकर घर में घुसकर सामान चोरी करना तथा सामान का आपस में बंटवारा करना स्वीकार किया गया। उनके कब्जे से चोरी गई संपति में से एलजी टीवीए रिसीवर, फूल की थाली, ट्रेक्टर का अल्टीनेटर व पंखा आदि कुल 14,300 रुपये की मशरूका पुलिस द्वारा बरामद कर लिया गया है। एक अन्य आरोपी द्वारा चोरी का कुछ सामान बेंच दिया गया है, जिसकी तलाश जारी है। चोरी गई शेष संपति की बरामदगी एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी हैं।

## शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**कोतमा।** विगत दिनों जबलपुर में एक निजी होटल में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट बी मनीष सोनी के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें मल्टीपल के प्रधान पदाधिकारी अपराजिता के सभी क्लब के पदाधिकारी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई वही 2025-26 की डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वी मनीषा सोनी ने कोतमा क्षेत्र के अंतर्गत वी क्लब कोतमा पेंड्रा चिरमिरी व चरचा क्लब का पदभार कोतमा की वी रचना जैन को सौंपते हुए शपथ दिलाई। वी रचना जैन वी क्लब कोतमा की सदस्य हैं तथा एरिया 4 कुष्मांडा की एरिया आफिसर है। वी रचना जैन ने सभी क्लब का नेतृत्व करते हुए शानदार सेवा कार्य करने की शपथ ली साथ ही वी मनीषा सोनी ने एरिया सचिव वी शिल्पा जैन तथा पूर्व अध्यक्ष वी किरण गोयनका की सेवा कार्यों की शपथ दिलाकर पिन व स्लेश भेट कर सम्मान किया।



### पुलिस ने किया अमिलिहा हत्याकाण्ड का खुलासा

# शिवदयाल पर किये थे 34 वार, 90 वर्षीय वृद्धा पर किया था हमला



**04 आरोपी गिरफ्तार, शहडोल में रची थी साजिश**

उमरिया।

जिले के पाली थाना एवं घुनघुटी चौकी अंतर्गत ग्राम अमिलिहा में 4 जून की दरम्यानी रात हुई शिवदयाल शुक्ला की नृशंस हत्याकाण्ड का पुलिस ने खुलासा किया है, जिला कंट्रोल रूम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने बताया कि इस खौफनाक वारदात को चार पेशेवर अपराधियों ने मिलकर अंजाम दिया था। घटना की योजना शहडोल में रची गई और आरोपी पूरी तैयारी के साथ ऑटो में सवार होकर अमिलिहा पहुंचे। पेट्रोल खत्म होने का बहाना बनाकर आरोपियों ने कारोबारी से दरवाजा खुलवाया और मौका मिलते ही उस पर धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। बूढ़े कारोबारी की हत्या के बाद भी बदमाश नहीं ठहरे, हत्या कर बदमाशों ने 90 वर्षीय मृतक की माँ पर भी हमला किया, जो बाद में चिकित्सकीय इलाज से बच गई। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के मुताबिक मृतक के शरीर पर कुल 34 घाव पाए गए। हत्या के बाद आरोपी घर में लगे सीसीटीवी का डीवीआर, डीटीएच डिवाइस, मृतक का मोबाइल फोन और कीमती जेवर समेटकर मौके से फरार हो गए। वारदात को इस तरह अंजाम दिया गया कि पुलिस को घटनास्थल से कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका, जिससे शुरुआती जांच में काफी अड़चनों का सामना करना पड़ा। एसपी नायडू ने बताया कि मामले की परतें खोलने के लिए सीमावर्ती जिलों के थानों से समन्वय बनाकर सघन जांच की गई। तकनीकी इन्वेस्टिगेशन और जमीनी खुफिया इनपुट के आधार पर आखिरकार पुलिस को बड़ी सफलता मिली और शहडोल निवासी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में विनय उर्फ श्याम किशोर पिता श्याम सुंदर गुप्ता, दीपक पिता बालमुकुंद गुप्ता, अतुल पिता छोटेलाल बर्मन और ऑटो चालक आदित्य पिता आशीष उपाध्याय शामिल हैं। ये सभी अपराध में पहले से सक्रिय और पेशेवर अपराधी बताए जा रहे हैं। इस खुलासे के साथ ही अमिलिहा की जनता ने राहत की सांस ली है। पुलिस अब इन आरोपियों के पुराने रिकॉर्ड खंगालने और अन्य संभावित वारदातों की जांच में जुटी हुई है।

# मुख्यमंत्री की मंशा को कलंकित कर रहा विभागः जितेन्द्र

शहडोल।



जनवरी-2025 में म.प्र. लोक सेवा आयोग द्वारा महिला बाल विकास अधिकारी का परिणाम घोषित कर अंतिम चयन सूची में चयनित अभ्यर्थियों की सूची जारी किये जाने के छः माह व्यतीत हो जाने के बावजूद आज तक नियुक्ति आदेश महिला बाल विकास विभाग द्वारा जारी नही किये जाने के चलते समाजसेवी जितेन्द्र सिंह ने राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित सभी वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल नियुक्ति आदेश जारी करने संबंधी शिकायती पत्र सौंपा है। श्री सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये तत्पर तैयार रहने के बावजूद भी महिला बाल विकास विभाग द्वारा परिणाम घोषित होने के बावजूद चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी नही किया जाना मुख्यमंत्री के मंशा को कलंकित करने जैसा है। श्री सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा माह जनवरी-2025 में महिला बाल विकास अधिकारी का अंतिम चयन सूची जारी कर विधिवत परिणाम घोषित किये जा चुके है तथा चयनित अभ्यर्थियों को लिखित सूचना भी आयोग द्वारा प्रेषित की जा चुकी हैं, महामहिम चयनित अभ्यर्थियों को बीते छः माह से परिणाम घोषित होने के बावजूद भी आज तक किसी भी चयनित अभ्यर्थी को म.प्र. शासन के महिला बाल विकास विभाग, भोपाल द्वारा नियुक्ति पत्र जारी नही किया जाना बेरोजगारों के साथ अन्याय है इससे विभाग की तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशा कलंकित हो रही है। बेरोजगारो को रोजगार देने के लिये कृत संकल्पित है, वहीं दूसरी ओर म.प्र. शासन के महिला बाल विकास विभाग भोपाल द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी नही किया जाना सीधे-सीधे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा को कलंकित करने जैसा साबित किया जा रहा है। श्री सिंह ने राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चयनित अभ्यर्थियों की तरफ से गुहार लगाते हुए कहा कि म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर द्वारा जनवरी-2025 में घोषित अंतिम चयन सूची परिणाम में चयनित महिला बाल विकास अधिकारी के अभ्यर्थियो की नियुक्ति आदेश जारी करने के लिए म.प्र. शासन के महिला बाल विकास विभाग भोपाल के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित करें, नियुक्ति में विलम्ब करने वाले उत्तरदायी अधिकारियों की जांच लोकायुक्त भोपाल से कराये जाने के लिए आदेशित किया जाये, ताकि भविष्य में कोई भी विभाग ऐसी लापरवाही न कर सके।

# कार चालक ने शराब के नशे में खड़े ऑटो को मारी टक्कर





शहडोल।

संभागीय मुख्यालय से रीवा जाने वाले मुख्य मार्ग पर सडक़ हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, वहीं कुछ को आंशिक चोटे भी आई है। शहडोल के तथाकथित नेता की कार शराब पीकर उनका चालक या अन्य कोई चला रहा था और उसी के लापरवाही से हादसा कारित हो गया, रीवा मार्ग पर कोनी तिराहा से कुछ आगे मोड पर हुए हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय नागरिकों ने 108 को कॉल कर तत्काल बुलाया और पीड़ितों को अस्पताल भेजा गया, जिससे उन्हें तत्काल इलाज मिल सके।

बताया गया कि कमला सिंह की कार क्रमांक एमपी 18 सी 5205 अनियंत्रित रूप से चलाते हुए चालक ने हादसा को अंजाम दिया, इस हादसे में समीपी ग्राम में रहने वाले युवक को गंभीर चोटे आई हैं ऑटो में सवार अन्य लोगों को भी चोट आई। बहरहाल सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक अब 9 को

**अनूपपुर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 27 जून को होने वाली थी, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया था। अब यह बैठक 09 जुलाई को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने सर्व संबंधितों से बैठक हेतु नियत दिनांक, समय एवं स्थान में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने की अपील की है। उन्होंने बताया है कि बैठक में 20 एजेन्डा बिन्दुओं पर चर्चा के साथ ही अध्यक्ष की अनुमति से अन्य बिन्दु पर चर्चा की जाएगी।

### जिले में 4.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर।** अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले में बीते 24 घंटे में 4.6 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र अनूपपुर में 2.4, बिजुरी में 2.4, वेंकटनगर में 7.6, पुष्पराजगढ़ में 8.4, अमरकंटक में 13 तथा बेनीबारी में 3.2 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई तथा वर्षामापी केन्द्र कोतमा तथा जैतहरी में वर्षा निरंक रिकॉर्ड की गई।

### शासकीय आदर्श महाविद्यालय डिंडोरी में मनाया गया शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास का स्थापना दिवस

**डिंडोरी।** शासकीय आदर्श महाविद्यालय डिंडोरी में बुधवार, 2 जुलाई 2025 को *शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास* का स्थापना दिवस समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कोस्टा ने की। उन्होंने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व नर्मदा वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ. विकास जैन ने न्यास के कार्यक्षेत्र एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को इसके महत्व से अवगत कराया। इस अवसर पर उन्होंने प्राचार्य डॉ. कोस्टा को न्यास की पत्रिका भी भेंट की। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. कल्पना मिश्रा ने किया। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं न्यास के विभिन्न आयामों की जानकारी देते हुए इसमें सहभागिता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. शारदा सिंह के आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।इस आयोजन में विशेष रूप से डॉ. विपिन दुबे सहित महाविद्यालय का समस्त शिक्षकीय एवं छात्र-छात्रा परिवार उपस्थित रहा।

### देवनाला जल प्रपातः प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिक आस्था का संगम

**डिंडोरी।** डिंडोरी जिले में स्थित देवनाला जलप्रपात न केवल प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत उदाहरण है, बल्कि यह स्थान धार्मिक श्रद्धा का भी केंद्र बना हुआ है। यह जलप्रपात अपनी अनूठी बनावट, शिवलिंग पर निरंतर जलाभिषेक और शांत वातावरण के कारण पर्यटकों व श्रद्धालुओं दोनों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। देवनाला जलप्रपात डिंडोरी से लगभग 22 किलोमीटर दूर, मंडला-डिंडोरी मुख्य मार्ग पर, कचनारी ग्राम के निकट सक्का के पास स्थित है। यह स्थल बरसात के मौसम में अपनी पूर्ण छटा बिखेरता है, जब झरने का प्रवाह प्रबल होता है और हरियाली अपनी चरम सीमा पर होती है।इस जलप्रपात की सबसे अनोखी बात यह है कि इसका प्रवाह सीधे एक प्राकृतिक शिवलिंग पर गिरता है, जिससे यहाँ निरंतर जलाभिषेक होता रहता है। यह दृश्य श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति देता है। पानी के सतत प्रवाह ने यहाँ की पहाड़ियों को V आकार की घाटी में बदल दिया है। साथ ही एक गहरी गुफा का निर्माण भी हुआ है, जो वर्षा ऋतु में जलमग्न हो जाती है। इस गुफा में अनेक छोटे-छोटे शिवलिंग और मंदिर स्थित हैं, जहां श्रद्धालु पूजा-अर्चना करते हैं।प्राकृतिक शांति और आध्यात्मिक वातावरण के कारण प्रशासन यहां योग और ध्यान केंद्र स्थापित करने की दिशा में प्रयासरत है। यहां आने वाले पर्यटक मानसिक शांति का अनुभव कर सकते हैं।

## कोतमा में आज मुख्यमंत्री मोहन करेंगे विकास की बौछार

# एक साल बाद पुनः मुख्यमंत्री का जिला प्रवास

### भूमिपूजन, लोकार्पण के माध्यम से देंगे 114 विकास कार्यों की देंगे सौगात

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

**मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज जिले के कोतमा नगर के प्रवास पर रहेंगे। इसके पूर्व 16 अगस्त 2024 में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अनूपपुर के एकलव्य स्कूल के मैदान पर आमसभा को संबोधित किया था जहां पर कई घोषणाएं भी की थी और कई विकास कार्यों की नींव भी रखी थी।**

जारी कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. यादव 4 जुलाई को अपरान्ह 3:30 बजे कोतमा हेलीपैड पर आगमन करेंगे। आगमन उपरांत वे कोतमा में आयोजित विभिन्न शासकीय एवं स्थानीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाम 5 बजे कोतमा हेलीपैड से रीवा एयरपोर्ट की ओर प्रस्थान करेंगे।

#### 114 विकास कार्यों की देंगे सौगात

मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न शासकीय कार्यक्रमों में सहभागिता करेंगे तथा जिलेवासियों को विकास कार्यों की अनेकों सौगात प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोतमा प्रवास के दौरान जल संसाधन विभाग के 1 कार्य, मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के 28 कार्य, राजस्व विभाग के 1 कार्य, लोक शिक्षण स्कूल शिक्षा विभाग के 2 कार्य, राज्य शिक्षा केंद्र के 21 कार्य, लोक निर्माण विभाग के 2 कार्य, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के 3 कार्य, जनजातीय कार्य विभाग के 1 कार्य, मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के 1 कार्य तथा केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के 1 कार्य का भूमि पूजन करेंगे। इस प्रकार मुख्यमंत्री 10 विभागों के अंतर्गत 61 कार्यों का भूमिपूजन करेंगे, जिनकी अनुमानित लागत 365.39 करोड़ रुपये है। इसी तरह मुख्यमंत्री जल संसाधन विभाग के 3 कार्य, मध्यप्रदेश ग्रामीण



सड़क विकास प्राधिकरण के 6 कार्य, तकनीकी शिक्षा विभाग के 1 कार्य, जनजातीय कार्य विभाग के 2 कार्य, उच्च शिक्षा विभाग के 1 कार्य, स्वास्थ्य विभाग के 2 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग अनूपपुर के 2 कार्य, मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के 1 कार्य एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 35 कार्य का लोकार्पण करेंगे। इस प्रकार 9 विभागों के अंतर्गत 53 पूर्ण कार्यों का लोकार्पण करेंगे, जिनकी लागत 77.92 करोड़ रुपये है। इस तरह मुख्यमंत्री द्वारा जिले को कुल 114 विकास कार्यों की सौगात प्रदान की जाएगी, जिनकी संयुक्त लागत लगभग 443.31 करोड़ रुपये है।

#### बदला गया ट्रैफिक डायवर्जन

मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के कोतमा आगमन एवं शासकीय मॉडल स्कूल ग्राउंड में प्रस्तावित आमसभा के दौरान जन सुविधा की दृष्टि से पार्किंग एवं ट्रैफिक डायवर्जन निर्धारित किया गया है। आम सभा स्थल आने वाली समस्त बसे हाईवे रोड से शुक्ला ढाबा तिराहा होते हुए कोतमा कस्बा की ओर आने वाले



रोड से कार्यक्रम स्थल पहुंचेगी वही नेशनल हाईवे से कोतमा बस स्टैंड की ओर जाने वाले रोड (सिंह ढाबा के सामने से) से केवल फोर व्हीलर वाहन कार्यक्रम स्थल पहुंचने के लिए उपयोग कर सकते हैं। आम सभा स्थल के लिए आने वाली समस्त बसों की पार्किंग मॉडल स्कूल के बाय ओर स्थित मैदान में की जाएगी तो नेशनल हाईवे (शुक्ला ढाबा) की ओर से आने वाले फोर व्हीलर वाहनों की पार्किंग मॉडल स्कूल के बाएं ओर बस पार्किंग के बगल में की जावेगी। कोतमा शहर की ओर से आने वाले फोर व्हीलर वाहनों की पार्किंग सेंट जोसेफ स्कूल के सामने स्थित मैदान में की जाएगी। शुक्ला ढाबा तिराहा से कोतमा शहर को नेशनल हाईवे से जोड़ने वाला मार्ग आम यातायात के लिए प्रातः 11 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक प्रतिबंधित रहेगा।

#### मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आगमन को लेकर कोतमा नगर में भाजपा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल एवं कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम का मार्गदर्शन भाजपा के कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंत्री दिलीप जायसवाल, रामलाल रौतेल एवं जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारियों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाएं। आयोजित हो रहे कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं दिलीप जायसवाल कुटीर एवं ग्रामोउद्योग विभाग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार, दिलीप अहिरवार वन एवं पर्यावरण विभाग राज्य मंत्री, शहडोल संसदीय क्षेत्र की संसद श्रीमती हिमाद्री सिंह कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल तथा भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम की उपस्थिति रहेगी।

## अनूपपुर के इतिहास में पहली बार कल होगी भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा

# इस्कॉन ने तैयारी की पूरी, जगह-जगह स्वागत के लिए सभी आतुर





हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

इस्कॉन केंद्र के अनूपपुर में प्रारंभ होने के बाद धर्म के प्रति लोगों का रुझान काफी तेजी से बढ़ा है। लोगों में नई चेतना का संचार हुआ है। युवा वर्ग धर्म के प्रति काफी आगे बढ़ गया। अनूपपुर की धरती में धर्म के तमाम आयोजन होते चले आ रहे हैं जिसमें युवा वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। अनूपपुर में इस्कॉन केंद्र की स्थापना के बाद एक नई चेतना का उदय हुआ है। इस्कॉन केंद्र से लोग जुड़कर धर्म की तरह-तरह की जानकारियां पाठ्यपुस्तकों के माध्यम से पा रहे हैं। केंद्र में सत्संग भी हो रहा है जिसमें भी सभी लोग शामिल हो रहे हैं और बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस्कॉन केंद्र ने लोगों के मिल रहे सहयोग से अनूपपुर के इतिहास में पहली बार भगवान जगन्नाथ की रस का यात्रा को निकालने का बेड़ा उठाया है।जिसकी तैयारियां भी लगभग पूर्ण हो चुकी है और नगर के लोगों का अच्छा सहयोग भी इस्कॉन केंद्र को मिल रहा है।अभी तक अनूपपुर के लोग अन्य क्षेत्रों में जाकर भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा देखते थे लेकिन अब उन्हें अनूपपुर में ही देखने को मिलेगी। यह प्रथम वर्ष है, आने वाले वर्षों में जगन्नाथ पुरी की तरह भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का आनंद लोग ले पाएंगे। अनूपपुर शहर सहित गांव-गांव में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा को लेकर अति उत्साह है। सभी को 5 जुलाई 2025 का बेसब्री से इंतजार है। अभी तक लोग जगन्नाथ पुरी इसके साथ ही शहडोल,बिलासपुर जाकर भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा को देखते थे, लेकिन अब उन्हें कहीं जाने की जरूरत नहीं होगी। इस्कॉन केंद्र खुलते ही अनूपपुर में धर्म की आस्था देखते ही बनने लगी।लोगों का झुकाव धर्म के प्रति बढ़ता ही जा रहा है। शहर में इस्कॉन केंद्र की स्थापना कुछ समय पूर्व की गई।इस्कॉन केंद्र में प्रति सप्ताह रविवार को सायं 05 बजे से 07 बजे तक सत्संग का आयोजन होता है एवं अन्य धार्मिक आयोजनों का सिलसिला लगातार जारी है। इस्कॉन केंद्र ने सभी के सहयोग से प्रथम बार अनूपपुर में भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा निकालने का बीड़ा उठाया है जिसकी तैयारियां जोर-शोर से जारी है। इस्कॉन केंद्र की स्थापना के साथ ही आने वाले समय में अनूपपुर में भी इस्कॉन मंदिर की स्थापना की जाएगी। इसके लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। इस्कॉन केंद्र के प्रमुख अनूपपुर केंद्र के प्रभारी चैतन्य मनोहर दास एवं प्रशांत पांडे ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा 5 जुलाई 2025 को निकाली जाएगी। रथ यात्रा के मार्ग का निर्धारण किया जा चुका है। भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा शिव मारुति मंदिर, सामतपुर से प्रारंभ होकर बस स्टैंड,आदर्श मार्ग, स्टेशन चौक, राम जानकी मंदिर,गुरुद्वारा रोड,पीएचई ऑफिस,अंडर ब्रिज,स्मार्ट सिटी से होते हुए उत्कृष्ट विद्यालय अनूपपुर के मैदान में समाप्त होगी। रथ यात्रा लगभग 1.00 बजे से प्रारंभ होगी, रथ यात्रा के साथ हरिनाम संकीर्तन, भक्तों के द्वारा नृत्य,महाप्रसाद वितरण होगा।उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में रथयात्रा का समापन कार्यक्रम आयोजित होगा। समापन कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान जगन्नाथ को छप्पन भोग लगाया जाएगा। जिसके लिए स्थानीय निवासी भगवान जगन्नाथ के लिए सात्विक भोग जिसमें कच्चा भोजन और मिष्ठान इत्यादि जो कुछ भी वक्त भगवान को अर्पित करना चाहे ला सकते हैं। छप्पन भोग के पश्चात भगवान जगन्नाथ की आरती होगी और वरिष्ठ भक्तों के द्वारा भगवान जगन्नाथ की कथा, भजन कीर्तन एवं फिर सभी के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था होगी। इस आयोजन के लिए सभी अनूपपुर एवं निकट के ग्रामों में बृहद रूप से प्रचार प्रसार किया जाएगा। रथ यात्रा के लिए बृहद स्तर पर स्थानीय निवासियों और सामाजिक संगठनों से संपर्क कर सहयोग का आग्रह किया जा रहा है। रथ यात्रा से संबंधित किसी भी जानकारी एवं सहयोग हेतु चैतन्य मनोहर दास से इस्कॉन केंद्र में संपर्क किया जा सकता है। बताया गया कि भगवान जगन्नाथ का रथ महाकाल की नगरी उज्जैन में बनकर तैयार हुआ है। अनूपपुर के इतिहास में पहली बार भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकलेगी।जिसमें भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की झांकी शहर का भ्रमण करेगी यह आध्यात्मिक उत्सव होगा। अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) संस्थापकाचार्य कृष्णकृपामूर्ति श्री श्रीमद् ए.सी. भक्तिवेदान्त स्वामी प्रभुपाद की कृपा से यह कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। बताया गया कि रथ के ऊपर विराजमान भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन एवं रथ खींचने से व्यक्ति भौतिक जगत में पुनः जन्म नहीं लेगा। इस्कॉन केंद्र अनूपपुर ने समस्त भक्तजन से अपील की है कि परिवार सहित इस दिव्य उत्सव में पधारें और भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की कृपा प्राप्त करें।

### डाकघर की भूमि पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने स्थगन देने से किया इंकार

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश माया विश्वलाल की न्यायालय ने अनूपपुर डाकघर की भूमि पर याचिकाकर्ता नौसाबा सहीन पत्नी मोहम्मद असलम और मोहम्मद असलम पिता इसहाक मोहम्मद को स्थगन देने से इंकार करते हुये उनके स्थगन अपील को निरस्त कर दिया। शासन और डाकघर अनूपपुर की ओर से पैरवी शासकीय अभिभाषक पुष्पेन्द्र कुमार मिश्रा ने की। शासकीय अभिभाषक ने बताया कि नौसाबा सहीन पत्नी मोहम्मद असलम और मोहम्मद असलम पिता इसहाक मोहम्मद ने अनूपपुर डाकघर की शासकीय भूमि खसरा नं0 296/2 रकवा 0.101 हेक्टेयर पर अवैध वाउन्ड्री वाल बनाकर अवैध कब्जा कर लिया गया था,










## रेलवे के बिलासपुर जीएम आज करेंगे संरक्षा निरीक्षण

# कोरोना के दौरान स्टेशनों में ट्रेनों का स्टॉपेज बहाल किये जाने की मांग

**अनूपपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश आज झलवारा से अनूपपुर रेलखंड तक संरक्षा निरीक्षण करेंगे। इस निरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उमरिया स्टेशन का निरीक्षण लगभग प्रातः 11.15 बजे से 12.45 बजे तक व शहडोल स्टेशन का निरीक्षण लगभग 14.30 बजे से 16.00 बजे तक रहेगा। बताया गया कि 16.00 बजे वह अनूपपुर जं. के लिए प्रस्थान करेंगे। पूरे संसदीय क्षेत्र शहडोल में रेलवे की कुछ अपेक्षाएं बिलासपुर के महाप्रबंधक से हैं। कोरोना के बाद से कुछ ट्रेन बंद हो गई जिसमें अंत्योदय एक्सप्रेस महत्वपूर्ण ट्रेन थी। इसके अलावा कई स्टॉपेज बंद कर दिए गए। उसके बाद धीरे-धीरे राजनीतिक एप्रोच पर चालू होना चालू हुए उसके बावजूद भी अभी भी कई स्टॉपेज बहाल होना बाकी है। जिस पर रेलवे के महाप्रबंधक को संज्ञान लेना चाहिए और राजनीतिक एप्रोच का इंतजार ना कर अपने स्वविवेक से जन मानस को सुविधा देने के लिए सभी स्टॉपेज को बहाल करें। जिससे जनता रेल गाड़ी का लाभ उठा सके। शहडोल संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चंदिया से लेकर वेंकट नगर एवं सीआईसी रेल सेक्शन में अनूपपुर से लेकर बिजुरी रेलवे स्टेशन तक ध्यान देना आवश्यक है। जिससे समस्याओं का समाधान हो सके। शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह ने कई मांगे की लेकिन रेलवे द्वारा उनकी सभी मांगों पर विचार नहीं किया गया और बहानेबाजी कर सभी मांगों को रिजेक्ट कर दिया गया जो उचित नहीं है।



**प्रमुख मांगे एक नजर में** - कोरोना के पहले के सभी ट्रेनों के स्टॉपेज बिलासपुर-कटनी-बिलासपुर, अनूपपुर-चिरमिरी -अनूपपुर एवं अनूपपुर-अंबिकापुर-अनूपपुर के अंतर्गत आने वाले सभी स्टेशनों का स्टॉपेज बहाल किया जाए। इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण मांगे इस प्रकार हैं- ट्रेन नंबर 22169/22170 रानी कमलापति- संतरागाछी-रानी कमलापति का स्टॉपेज अनूपपुर एवं उमरिया रेलवे स्टेशन में हो।ट्रेन नंबर 11202/11201 शहडोल- नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस का विस्तार अनूपपुर या अंबिकापुर तक किया जाए,यह ट्रेन घाटे में चल रही है या इस ट्रेन को सप्ताह में तीन दिन शहडोल-अनूपपुर- उसलापुर होकर नागपुर तक चलाया जाए। ट्रेन नंबर 11751/11752 रीवा-चिरमिरी-रीवा एक्सप्रेस जो सप्ताह में 3 दिन चल रही है इसे नियमित किया जाए। ट्रेन नंबर 51755/51756 चिरमिरी-अनूपपुर-चिरमिरी ट्रेन नियमित की जाए जो सप्ताह में 3 दिन चल रही है। ट्रेन नंबर 18755/18756 शहडोल-अंबिकापुर-शहडोल जो छात्र-छात्राओं के लिए वरदान है का स्टॉपेज अमलाई रेलवे स्टेशन पर हो, यहां पर एक्सप्रेस एवं सुपरफास्ट ट्रेन रूकती है। ट्रेन नंबर 22407/22408 अंबिकापुर-निजामुद्दीन-अंबिकापुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस का स्टॉपेज कोतमा रेलवे स्टेशन पर दिया जाए एवं ट्रेन को नियमित किया जाए। बिलासपुर रेलवे महाप्रबंधक जी अगर आप इतनी मांगे पूरी करा दे तो निश्चित ही पूरे संसदीय क्षेत्र को इसका लाभ मिलेगा।

